

एक नजर में

## दो दिवसीय मोतियाबिंद शिविर आज से

**गुना।** लायंस नेत्र चिकित्सालय व जिला अंधत्व निवारण समिति के सहयोग से लगातार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण शिविर लगाये जा रहे हैं। इसी संदर्भ में गुरुवार, शुक्रवार को लायंस अस्पताल गुना में निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 20 नबंवर 25 गुरुवार को मुहाल कालोनी झागर एवं शुक्र वार को बमोरी, विशनवाड़ा में निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण षिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मरीजों को लाना ले जाना खाना, चाय, नास्ता, दवाई चश्में, लैंस से लेकर ऑपरेशन तक निःशुल्क किए जाएंगे।

# प्रभारी मंत्री राजपूत के मुख्य आतिथ्य में जिलास्तरीय पदयात्रा संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**गुना 19 नव. का। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, जिला प्रशासन एवं नगरपालिका गुना के संयुक्त तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आज जिले में भव्य जिलास्तरीय पदयात्रा का आयोजन किया गया।**

पदयात्रा का शुभारंभ खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं गुना जिला प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत के मुख्यातिथ्य में पशुचिकित्सालय परिसर से किया गया। जिसमें गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, जिला पंचायत सदस्य संतोष धाकड़, नगरपालिका उपाध्यक्ष धरम सोनी, पूर्व विधायक गोपीलाल जाटव, राजेन्द्र सिंह सलूजा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। जिला प्रशासन से कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे एवं जिला युवा अधिकारी आकांक्षा महावरिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह पदयात्रा देश की एकता, अखंडता एवं स्वदेशी भावना को समर्पित रही, जिसमें विद्यार्थियों, एनसीसी, एनएसएस स्वयंसेवकों, सामाजिक संस्थाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर पदयात्रा का स्वागत किया गया। पदयात्रा हाट रोड, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज, शास्त्री पार्क एवं एबी रोड होते हुए नगरपालिका कार्यालय के पास सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रभारी मंत्री श्री राजपूत द्वारा विधिवत कन्या पूजन एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलाई। उत्साहपूर्वक आयोजित पदयात्रा के समापन स्थल पर मंत्री श्री राजपूत द्वारा नशा मुक्ति की शपथ भी उपस्थितजनों को दिलाई।



**प्रभारी मंत्री ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस—जिले की उपलब्धियों की सराहना**

गुना आगमन के पश्चात प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कार्यालय उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने जिले में विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों, जन कल्याणकारी पहलों तथा प्रशासन द्वारा किए गए नवाचारों की जानकारी मीडिया को दी। इसके साथ ही जल संचय जन भागीदारी के तहत जिला गुना को मिले पुरूस्कार के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।




# जिला चिकित्सालय में अवसंरचना उन्नयन के लिए 67 .03 लाख रुपये के कार्य मंजूर

**गुना।** जिला चिकित्सालय गुना में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए 67.03 लाख रुपये की लागत से विभिन्न निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर किशोर कान्याल के निर्देशन में सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर तथा सिविल सर्जन डॉ. वी.एस. रघुवंशी के मार्गदर्शन में ये सभी कार्य अनुमोदित किए गए हैं। इन कार्यों के पूरा होने से अस्पताल की सेवाओं में व्यापक सुधार होगा और मरीजों को अधिक सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण मिल सकेगा। स्वीकृत कार्यों में जिला चिकित्सालय परिसर की सुरक्षा बढ़ाने हेतु बाउंड्रीवाल निर्माण, पोस्टमार्टम रूम का मरम्मत कार्य, बायोमेडिकल वेस्ट रूम का निर्माण, दो लिफ्टों के लिए एक अतिरिक्त फ्लोर बढ़ाने के साथ संबंधित सिविल एवं विद्युत कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त एक लिफ्ट ट्रॉली की मरम्मत एवं अतिरिक्त फ्लोर निर्माण, स्ट्र।ढ्ढह्लष्ठरुश्चक्र लिफ्ट की मरम्मत और पुराने मैटरनिटी वार्ड का नवीनीकरण भी प्रस्तावित कार्यों में शामिल है। इन सभी कार्यों की कुल लागत 67.03 लाख रुपये निर्धारित की गई है।

# गीता ओलंपियाड में गुना के 9 प्रतिभागियों ने किया प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**गुना।** विश्व गीता प्रतिष्ठानम उज्जैन के तत्वाधान में आयोजित होने वाली वार्षिक अखिल भारतीय गीता ओलंपियाड के तहत बुधवार को जिला मुख्यालय पर राज्य स्तरीय परीक्षा का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता स्थानीय मानस भवन के सामने स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में सम्पन्न हुई, जिसमें गुना जिले से चयनित कुल 9 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया के बाद तीन वर्गों वरिष्ठ छात्र, कनिष्ठ छात्र और सामाजिक वर्ग में तीन-तीन प्रतिभागियों का चयन किया गया था। राज्य स्तरीय परीक्षा में इन्हीं सभी 9 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा का आयोजन दोपहर पूर्व शुरू हुआ, जिसमें प्रतिभागियों की समझ और ज्ञान का मूल्यांकन वैकल्पिक, लिखित और मौखिक तीनों स्वरूपों में किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल छात्रों बल्कि समाज के सभी वर्गों में श्रीमद भगवत गीता के अध्ययन और उसके जीवनोपयोगी संदेशों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। परीक्षा के जिला प्रभारी नरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि राज्य स्तरीय परीक्षा की पूरी रिकॉर्डिंग और उत्तरपत्रक उज्जैन स्थित प्रतिष्ठान के मुख्यालय भेजे जाएंगे। वहां विषय विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा, जिसके बाद चयनित अभ्यर्थियों की घोषणा की जाएगी। चयनित प्रतिभागी आगामी माह अखिल भारतीय स्तर पर होने वाली राष्ट्रीय परीक्षा में गुना जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय परीक्षा में भाग एक वर्ग से अथर्व भार्गव, आराध्य श्रीवास्तव और परिधि राठौर, भाग दो वर्ग से निशा राठौर, अस्मिता धाकड़ और वैष्णवी भार्गव तथा सामाजिक वर्ग से अनामिका चतुर्वेदी, संगीता भार्गव और ब्रज भूषण शर्मा को राज्य स्तरीय परीक्षा के लिए चुना गया था। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के बाद प्रतिभागियों और अभिभावकों में उत्साह देखने को मिला।



# सर्दी बढ़ने से बच्चों को हो रही परेशानी, स्कूल समय में परिवर्तन की मांग तेज

**नवभारत न्यूज**

**गुना।** जिले में बढ़ती ठंड और बदलते मौसम के कारण स्कूली बच्चों को सुबह-सुबह ठिठुरते हुए स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। सुबह के तापमान में लगातार गिरावट से बच्चों में सर्दी, जुखाम और बुखार के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों की ओर से यह मांग उठाई गई है कि छोटे बच्चों के स्कूल का समय तुरंत बदला जाए, ताकि उन्हें ठंड में यात्रा करने की परेशानी न हो और स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव न पड़े। इस संबंध में जिलाधीश को दिए गए एक आवेदन में उल्लेख किया गया है कि सर्दियों के मौसम में समय परिवर्तन न केवल बच्चों के लिए, बल्कि अभिभावकों के लिए भी बड़ी राहत साबित होगा। अभिभावकों ने कलेक्टर से आग्रह करते हुए कहा है कि जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित कर जल्द से जल्द स्कूल समय में परिवर्तन संबंधी आदेश जारी कराए जाएं, ताकि बच्चे सुरक्षित समय पर स्कूल जा सकें और बढ़ती सर्दी से होने वाली बीमारियों से बच सकें। आवेदन में यह भी बताया गया कि पड़ोसी जिला अशोकनगर में अत्यधिक सर्दी को देखते हुए प्रशासन ने स्कूल समय बदल दिया है और यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया है। अशोकनगर जिले में जारी आदेश के अनुसार नर्सरी से आठवीं तक की कक्षाएं अब सुबह 9 बजे से संचालित होंगी, जबकि कक्षा 9 से 12वीं तक की कक्षाएं पूर्व की तरह ही चलेंगी।

यह कदम बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है और सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएसई, नवोदय, केंद्रीय और मदरसा संस्थानों पर लागू है।

# पूरक परीक्षा परिणाम में त्रुटियों को ठीक कर पुन: घोषित करने की मांग



**नवभारत न्यूज**

**गुना।** छात्र संगठन एनएसयूआई जिला गुना के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बुधवार को पूरक परीक्षा परिणामों में आई त्रुटियों के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। छात्र संगठन ने प्राचार्य बी.के. तिवारी को बी.ए., बी.एससी. और बी.कॉम द्वितीय वर्ष की पूरक परीक्षा के द्वितीय अवसर के परिणाम में आई गंभीर त्रुटियों को लेकर ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष फलेशुराज सिंह सिसौदिया (मोड ?ा) के नेतृत्व में कॉलेज परिसर में छात्र बड़ी संख्या में पहुंचे और परीक्षा परिणाम में सुधार की मांग उठाई। एनएसयूआई द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि हाल ही में घोषित पूरक परीक्षा के दूसरे अवसर के परिणाम में अनेक छात्रों को पुन- उसी विषय में सप्लीमेंट्री दे दी गई है, जबकि उन्होंने परीक्षा नियमित रूप से दी थी। कई छात्रों को तो 00 अंक प्रदर्शित कर दिए गए हैं, जिससे विद्यार्थी बेहद परेशान हैं और उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। संगठन ने स्पष्ट कहा कि यह त्रुटि तकनीकी या मूल्यांकन संबंधी लापरवाही का परिणाम प्रतीत होती है, जिसे तत्काल सुधारना आवश्यक है। जिलाध्यक्ष सिसौदिया ने प्राचार्य तिवारी को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय द्वारा घोषित इस त्रुटिपूर्ण परिणाम के कारण विद्यार्थियों में आक्रोश है और कई छात्र मानसिक दबाव में भी हैं। ऐसे हालात में परीक्षा परिणाम का पुनरीक्षण कर त्रुटि सुधार कर नया परिणाम घोषित किया जाना चाहिए, ताकि छात्रों के हित सुरक्षित रह सकें।

ज्ञापन में यह मांग भी रखी गई कि विश्वविद्यालय और संबंधित परीक्षा शाखा इस मामले को प्राथमिकता से लेते हुए जल्द से जल्द संशोधित परिणाम जारी करे। इस दौरान एनएसयूआई के शिवाय, धीर्यांश, संध्या, राजवीर, खुशी, दीक्षा सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते परिणाम में सुधार नहीं किया गया तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।

## बीएलओ कमल किशन बघेल ने किया शत प्रतिशत कार्य पूर्ण

**गुना।** विधानसभा क्षेत्र 031 राघौगढ़ के मतदान केंद्र क्रमांक 125 सागर के बीएलओ कमल किशन बघेल ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बीएलओ एप पर सभी प्रपत्रों को शत प्रतिशत सबमिट कर कार्य पूर्ण कर लिया है। इस उपलब्धि के साथ वे गुना जिले के प्रथम बीएलओ बने हैं जिन्होंने अपना समस्त कार्य सर्वप्रथम और शत-प्रतिशत पूरा कर उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। कलेक्टर किशोर कन्याल एडीएम अखिलेश जैन तथा एसडीएम राघौगढ़ अमित कुमार सोनी ने श्री बघेल को बधाई देते हुए उनके कार्य की सराहना की।

# जामनेर में खेत की मेढ़ को लेकर दो पक्षों में मारपीट, क्रॉस मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**गुना।** जिले के जामनेर थाना क्षेत्र में खेत की मेढ़ को लेकर चल रहा पुराना विवाद गत देर रात मारपीट में बदल गया। घटना में दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आईं। मामले में पहले पक्ष के फरियादी जगन यादव (26) निवासी जामनेर ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि गत रात मोटरसाइकिल लेकर खेत गया था और वाहन लालसिंह धाकड़ के खेत के पास खड़ा कर दिया था। इसी बात को लेकर लालसिंह ने आपत्ति जताई और गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि लालसिंह ने उसे डंडे से मारा, जिससे उसके दाहिने पैर और हाथ की उंगली में चोटें आईं। इसी दौरान लालसिंह के पिता अमर सिंह भी आ गए और दोनों ने मिलकर धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट की। घटना को फरियादी के पिता दिवान सिंह, काका मोहन सिंह और शिवराज ने देखा और बीचबचाव किया। दूसरी ओर, लालसिंह धाकड़ ने भी पुलिस को रिपोर्ट देकर आरोप लगाया कि खेत में मोटरसाइकिल खड़ी करने से मना करने पर जगन यादव ने अभद्र गालियां दीं और कुल्हाड़ी के बेठे से उसके दाहिने हाथ के अंगूठे पर वार किया। लालसिंह का कहना है कि जगन के साथ आए अन्य लोग मोहन, दिवान और शिवराज ने भी गाली-गलौज की और उससे झूमाझपटी की। आरोप है कि जगन ने उसका गला दबाया, जिससे उसे चोट आई।

# महिलाएं कर रहीं सफल उद्यम स्थापित : प्राचार्य जैन

**नवभारत न्यूज**

**गुना।** शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में महिला उद्यमिता दिवस का आयोजन किया गया। महिला उद्यमिता दिवस उत्साह और प्रेरणा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में उद्यमिता की भावना विकसित करना, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना और भविष्य में स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के लिए आवश्यक कौशलों से परिचित कराना रहा। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विनीता जैन ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में महिलाएँ केवल भागीदारी नहीं, बल्कि नेतृत्व की भूमिका निभाते हुए सफल उद्यम स्थापित कर रही हैं। उन्होंने छात्राओं को नवाचार, दृढ़ निश्चय और आत्मविश्वास को अपने जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी। सभी शिक्षकों ने सामूहिक रूप से छात्राओं को उद्यमिता के विभिन्न आयामों स्टार्टअप के मूल सिद्धांत, वित्तीय प्रबंधन, मार्केटिंग कौशल तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अवसरोंकृके बारे में सरल और व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिनमें उद्यमिता-आधारित प्रस्तुति, विचार-साझा सत्र और सफल महिला उद्यमियों के उदाहरणों पर चर्चा शामिल रही। महिला उद्यमिता दिवस का यह आयोजन छात्राओं के लिए प्रेरणादायी सिद्ध हुआ और उनके भीतर स्वावलंबन तथा नवाचार की भावना को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।




# शहर की अव्यवस्थित ट्रैफिक प्रणाली पर राष्ट्रवादी संघ का विरोध

**गुना।** शहर में बिगड़ती यातायात व्यवस्था से परेशान नागरिकों की आवाज अब संगठनों के माध्यम से भी उठने लगी है। बुधवार को राष्ट्रवादी संघ ने एसपी कार्यालय पहुंचकर ट्रैफिक सिस्टम में सुधार और नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ ने बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों, खासकर हनुमान चौराहे पर लगाए गए सिग्नल के बावजूद यातायात नियमों का घोर उल्लंघन हो रहा है। संगठन ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि लाल बत्ती जलने के बावजूद कई वाहन चालक बिना डर के सिग्नल तोड ?र आगे बढ़ जाते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है और ट्रैफिक भी अव्यवस्थित रहता है। जबकि इसी चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और पुलिस बल भी मौजूद रहता है, फिर भी नियम उल्लंघन करने वालों पर अपेक्षित कार्रवाई नजर नहीं आती। राष्ट्रवादी संघ ने मांग की कि सिग्नल जंप करने वालों की पहचान कैमरे की फुटेज के आधार पर कर ऑनलाइन चालान जारी किए जाएं, ताकि नियम तोडने वालों पर नियंत्रण लगाया जा सके।

साथ ही शहर के अन्य भीड़भाड़ वाले मार्गों एवं चौराहों पर पुलिस की नियमित तैनाती बढ़ाने का आग्रह किया गया, जिससे यातायात अनुशासन और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित हो सकें। संगठन ने उम्मीद जताई कि पुलिस प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर जल्द प्रभावी कदम उठाएगा।



# सुनील मालवीय के निवास पर प्रभारी मंत्री का आगमन, श्रीफल से किया स्वागत

**गुना।** मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत बुधवार को वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील मालवीय एवं युवा पार्षद तरुण मालवीय के निवास पर पहुंचे। जहां उनका पारंपरिक रूप से माता जी की चुनरी और श्रीफल भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मालवीय परिवार और समर्थक उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुनील मालवीय के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे वाल्मीकि समाज के एक ईमानदार और समर्पित नेता हैं, जिन्हें वे पिछले 30-35 वर्षों से व्यक्तिगत रूप से जानते हैं। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, महामंत्री रविंद्र रघुवंशी, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्म सोनी, पार्षद दिनेश शर्मा, शहर काजी नुरुल्लाह युसूफ, अविनाश राठौर, संजय करोसिया, मुकेश डगोरिया, नीरज बिलारवन, यशवंत तेजस्वी, आकाश लोहाट सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इसके साथ ही पार्षद दिनेश कोरी, बृजेश राठौर, रवि मालवीय और विशाल मालवीय भी अतिथियों के स्वागत एवं आयोजन में शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान समुदाय के लोगों ने प्रभारी मंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत कराया तथा मंत्री ने सभी को सकारात्मक समाधान का भरोसा दिया।

# कांग्रेस ने मनाई इंदिरा और लक्ष्मीबाई की जयंती

## युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने संभाला पदभार

**नवभारत न्यूज**

**गुना।** राजीव गांधी कांग्रेस भवन में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह की विशेष मौजूदगी रही। बैठक के दौरान गुना के नव निर्वाचित युवा कांग्रेस अध्यक्ष और ब्लॉक स्तर पर नियुक्त अध्यक्षों ने औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। विधायक जयवर्धन सिंह सहित वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों ने सभी नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस पदाधिकारियों का सम्मान किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि देश और प्रदेश की राजनीति में कांग्रेस के पास वर्तमान में अनेक चुनौतियां हैं, लेकिन इन चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें इंदिरा गांधी के संघर्ष से प्रेरणा और सीख लेनी चाहिए। उन्होंने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध का विस्तृत उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय इंदिरा गांधी ने जिस दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दिया, वैसा विश्व इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। इंदिराजी ने पाकिस्तानियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। जयवर्धन सिंह ने बताया कि जब इस विवाद को सुलझाने में इंदिराजी अपना योगदान दे रही थीं, तब अमेरिकी राष्ट्रपति का फोन भी उनके पास आया था। इस पर इंदिराजी ने दो टूक कह दिया था कि अमेरिका कौन होता है भारत को आदेश देने वाला। तत्काल भारत की फौज पूर्वी पाकिस्तान में घुसी और युद्ध में ऐसी शानदार जीत मिली कि लगभग एक लाख पाकिस्तानी फौज ने हथियार डाल दिए थे। बैठक के अंत में, जयवर्धन सिंह ने गुना कांग्रेस की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को भी उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं भेजीं। विधायक जयवर्धन सिंह ने बताया कि वह 2 नवंबर से 12 नवंबर तक पचमढ़ी में थे, जहाँ नव नियुक्त जिलाध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया गया था। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण में कई ऐसी महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आईं जो अब तक कांग्रेस पदाधिकारियों को नहीं थीं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन 10 दिनों में उन्हें यह अहसास हुआ कि कांग्रेस को जिला स्तर पर ही नहीं, बल्कि हर ब्लॉक, हर मंडल और हर बूथ को मजबूत बनाने की आवश्यकता है।




## पेंशन शिविर का आयोजन 20 एवं 21 नवम्बर को

**गुना।** जिला पेंशन अधिकारी रश्मि तंतुवाय ने बताया कि पेंशन कार्यालय द्वारा जिन प्रकरणों पर आपत्ति दर्ज की गई है, उन्हें नियमानुसार पूर्ति उपरांत निराकरण के लिये समय पर प्रस्तुत नहीं किये जा रहे है, तथा सेवानिवृत्ति के 06 माह पूर्व प्रकरण निराकरण हेतु जिला पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत करने का प्रावधान है। जिला पेंशन कार्यालय में सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण त्वरित निराकरण के लिये प्रत्येक माह के तृतीय गुरूवार एवं शुक्रवार को पेंशन शिविर का आयोजन किया जाता हैं। इस बार यह शिविर दिनांक 20 एवं 21 नवम्बर 2025 को आयेजित किया जा रहा हैं। जिसमें समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियो से संबंधित पेंशन प्रकरणों को ऑनलाईन तैयार कर आवश्यक अभिलेख के साथ नियमानुसार निराकरण के लिये शिविर में प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने आगामी माहों में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियो/कर्मचारियों से अपील की है कि वह स्वयं के द्वारा ऑनलाईन पेंशन फार्म समय पर संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को प्रस्तुत करें, जिससे कार्यालय प्रमुख प्रकरण को जिला पेंशन कार्यालय गुना में अविलंब निराकरण के लिये समय पर प्रस्तुत कर सके।

## आरोन में पुरानी गल्ला मंडी के पास युवक से मारपीट

**गुना।** जिले के आरोन थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम पुरानी गल्ला मंडी के पीछे स्थित चाय दुकान के पास एक युवक पर जानलेवा हमला कर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। फरियादी आदित्य जैन (21) निवासी चबूतरा मोहल्ला ने रिपोर्ट में बताया कि वह नीरज मीना की दुकान के बाहर खड़ा था, तभी देवमढ़ी निवासी आदित्य रघुवंशी और अनिकेत रघुवंशी वहां आए और बिना वजह उसे मां-बहन की गालियां देने लगे। विरोध करने पर अनिकेत ने दुकान पर रखा बायपर उठाकर उसके दाहिने हाथ पर वार किया, जिससे उसे गंभीर चोट आई। इसके बाद एक और बायपर मारते हुए उसके सिर पर वार किया गया, जिससे खून निकल आया। इस दौरान आदित्य रघुवंशी ने भी थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की। जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घायल आदित्य को उसका भाई पियूष जैन अस्पताल ले गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसने थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया।